दिनांक 4 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

नेहरू नगर क्षेत्र में सीवरेज लाइन , रोड निर्माण और पेवर ब्लॉक तथा वार्ड क्रमांक 2 मॉडल टाउन में सीवरेज लाइन लगाने के कार्यों का महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भूमि पूजन

कोसानाला में रिटेनिंग वॉल निर्माण होने से हमेशा के लिए जलभराव से मिलेगी निजात-महापौर

भिलाई नगर/ वार्ड क्रमांक 3 नेहरू नगर पूर्व ब्लॉक नंबर 13 के पास आरसीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि 27 लाख, ब्लॉक नंबर 43 में सीवरेज लाइन लगाने का कार्य लागत राशि 10 लाख, नेहरू नगर के एल आई के सामने सड़क के किनारे पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य लागत राशि 5 लाख तथा वार्ड क्रमांक 2 मॉडल टाउन में सीवरेज लाइन लगाने का कार्य लागत राशि 5 लाख के कार्यों को कराने के लिए आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने नागरिकों की उपस्थिति में भूमि पूजन किया! महापौर ने इस दौरान कहा कि नेहरू नगर क्षेत्र अपनी एक अलग पहचान रखता है इस पहचान को और नया आयाम देने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं! पहले इस क्षेत्र में जी रोड के किनारे खाली जमीन पड़ी थी , बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या होती थी , परंतु इस स्थल में उद्यान निर्माण करने के बाद हर तरह की समस्याओं से निजात मिला है! क्षेत्र में सड़कों का डामरीकरण कराया गया, गुरु नानक देव सरोवर (भेलवा तालाब) में कई सारे कार्य कराए गए , कोसानाला क्षेत्र में जहां बारिश के दिनों में नाला के कारण घरों में जलभराव की समस्या होती थी

जनसंपर्क अधिकारी